नव भारत टाईम्स (Nav Bharat Times)

दिनाँक (Dated): 23/08/2024 | पृष्ठ सं० (Page No). 09 | क्रम सं०(Serial No.) 7

CPR देकर बचाई जान

एनबीटी न्यूज,नई दिल्ली: दिल्ली एयरपोर्ट के टी-2 टर्मिनल से श्रीनगर जा रहे एक यात्री को अचानक हार्ट अटैक पड़ गया और वह बेहोश हो गए। तभी वहां पर मौजूद सीआईएसएफ जवान ने उन्हें तुरंत सीपीआर देकर उनकी जान बचा ली। आगे इलाज के लिए उन्हें सफदरजंग अस्पताल भेज दिया गया। जहां पर उनकी हालत स्थिर है।

सीआईएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि 20 अगस्त की सुबह करीब 10:50 मिनट पर अर्शिद अयूब टी-2 पर आए थे। तभी उनके सीने में अचानक दर्द हुआ। वह बेहोश हो गए। तुरंत वहां पर मौजूद सीआईएसएफ के जवान ने उन्हें सीपीआर देकर उनकी जान बचा ली।